बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी० आर० 97/2021

सत्र 2021–2023 के लिए इण्टरमीडिएट कक्षा में राज्य के उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी सरकारी/गैर सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय/इंटर महाविद्यालय/गैर सरकारी डिग्री महाविद्यालय/अंगीभूत डिग्री महाविद्यालय में ऑनलाईन नामांकन की तिथि विस्तारित करने के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना

विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पूर्व इस विज्ञप्ति को पूरा पढ़ें तथा OFSS वेबसाईट www.ofssbihar.in से Common Prospectus डाउनलोड कर उसे पूरा पढ़ें और उसके बाद ही ऑनलाईन आवेदन करें। आवेदन करने में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए विद्यार्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे।

एतद् द्वारा राज्य के उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी सरकारी/गैर सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय/इंटर महाविद्यालय/गैर सरकारी डिग्री महाविद्यालय/अंगीभूत डिग्री महाविद्यालय में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि Online Facilitation System for Students (OFSS) सॉफ्टवेयर के माध्यम से इण्टरमीडिएट कक्षा में केन्द्रीय/राज्य बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक अथवा समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का ऑनलाइन नामांकन किया जा रहा है। इन उच्च माध्यमिक विद्यालयों/महाविद्यालयों में नामांकन के लिए विज्ञप्ति संख्या–पी० आर० 78/2021, पी० आर० 80/2021, पी० आर० 86/2021 एवं पी० आर० 88/2021 के द्वारा दिनांक–04.07.2021 से 18.07.2021 तक ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि निर्धारित की गयी थी, **जिसे दिनांक–19.07.2021 से 03.08.2021 तक (अर्थात कुल 15 दिन) विस्तारित किया जाता है। अतः इण्टरमीडिएट की कक्षा में नामांकन लेने के इच्छुक आवेदक दिनांक 03.08.2021 तक ऑनलाइन आवेदन देना सुनिश्चित करेंगे।**

2. बिहार बोर्ड के अलावा CBSE, ICSE एवं अन्य बोर्ड के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी ऑनलाइन आवेदन देने के लिए अवसर प्रदान किया जायेगा। चूँकि CBSE एवं ICSE बोर्ड के मैट्रिक (10वीं) परीक्षा का परीक्षाफल (Result) अभी घोषित नहीं हुआ है, अतः जब भी CBSE एवं ICSE बोर्ड के विद्यार्थियों का परीक्षाफल जारी किया जायेगा, तब CBSE एवं ICSE बोर्ड के विद्यार्थियों को Online आवेदन करने का अवसर दिया जायेगा। इस प्रकार, आवेदन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद प्रथम चयन सूची (First Selection List) जारी किया जाएगा, अर्थात् CBSE एवं ICSE बोर्ड के विद्यार्थियों को भी बिहार बोर्ड के विद्यार्थियों की भाँति ही प्रथम चयन सूची (First Selection List) के आधार पर नामांकन लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

3. इण्टरमीडिएट की कक्षा में नामांकन लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे सामान्य आवेदन प्रपत्र (Common Application Form) एवं सामान्य सूची पत्र (Common Prospectus) को ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें, ताकि आवेदन देने के क्रम में उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो। सामान्य आवेदन प्रपत्र एवं सामान्य सूची पत्र समिति के वेबसाइट **www.ofssbihar.in** पर उपलब्ध है। सामान्य सूची पत्र में विस्तृत जानकारी है। इसे ध्यानपूर्वक पढ़ने से इण्टरमीडिएट कक्षा में नामांकन लेने के इच्छुक आवेदकों को Online Facilitation System for Students (OFSS) के तहत आवेदन करने की प्रक्रिया, चयन की प्रक्रिया, आवेदकों को नामांकन के लिए चुने जाने पर उन्हें सूचना देने की प्रक्रिया, आरक्षण तथा अन्य के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी मिलेगी। उन्हें यह भी सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी सरकारी/गैर सरकारी डिग्री महाविद्यालय/अंगीभूत डिग्री महाविद्यालय में नामांकन हेतु OFSS के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन ही दिया जाना है अर्थात् **किसी भी स्थिति में ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

4. आवेदन शुल्क रू0 350/– जमा नहीं होने पर आवेदन प्रपत्र अस्वीकृत समझा जायेगा।

5. पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति में दी गई विस्तृत जानकारी यथावत् रहेंगी।

6. सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** भरने से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी अथवा समस्याओं के त्वरित निदान के लिये **हेल्प सेंटर नम्बर 0612–2230009 पर सम्पर्क किया जा सकता है।**

संयुक्त सचिव (OFSS)